तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 8 मई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 चिरमिरी चौक पर जाम की समस्या बरकरार






### गुणवत्ता पर उठे सवाल, वीडियो वायरल, होगी जांच

# ग्रामीणों ने अपने हाथों से ही उखाड़ ली जनमन योजना के तहत बनी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीएम जनमन योजना के तहत बनाई जा रही सड़क में गुणवत्ता के साथ जमकर खिलवाड़ किया जा रहा है। पीएमजीएसवाई के तहत दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले संरक्षित जनजाति के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने बनाई गई सड़क बनते ही उखड़ने लगी। आलम यह है कि ग्रामीण अपने हाथों से ही सड़क पर बिछाए गए डामर को उखाड़ ले रहे है। गुन्वात्ताहीन सड़क के निर्माण से ग्रामीणों में खासा आक्रोश है। ग्रामीणों ने इस मामले में जांच और कार्रवाई की मांग की है। पीएमजीएसवाई की सड़क को हाथ से उखाड़ने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इधर इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जांच निर्देश दी है वहीं उप अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

**खास बात**

- कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश, पीएमजीएसवाई के उप अभियंता को नोटिस जारी

बता दें कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले पीवीटीजी ग्रामीणों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शासन के निर्देश पर पीएम जनमन योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य कराए जा रहे है। ऐसे ही एक सड़क का निर्माण मैनपाट विकासखंड के ग्राम कदनई से लोटाभावना के बीच कराया जा रहा है। दशकों से इस मार्ग पर कोई पक्की सड़क नहीं थी। ऐसे में ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पीएम जनमन योजना के तहत सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के गांव में सर्वे कर सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराया गया। बड़ी बात यह है कि मैनपाट विकासखंड में इसी तरह से पीएमजीएसवाई द्वारा 14 सडकों के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।

इनमें से कदनई से लोटाभावना के बीच 2.50 किमी सड़क का निर्माण 1 करोड़ 80 लाख रूपए की लागत से कराया जा रहा है लेकिन बड़ी बात यह है कि यह सड़क बनने के बाद ही उखड़ने लगी है। सड़क की गुणवत्ता को लेकर वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमे एक महिला नव निर्मित सड़क पर बिछाई गई डामर की परत को अपने हाथों से उखाड़ रही है। इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा भी सड़क पर बिछाई गई डामर की परत को आसानी से उखाड़ दिया गया।



नवनिर्मित सड़क को हाथ से उखाड़ती महिला।





### पहली बारिश भी नहीं झेल पाएगी सड़क

सड़क की गुणवत्ता से किए गए खिलवाड़ से ग्रामीणों में रोष का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के लिए गांव में जब सर्वे किया गया था वो वे काफी खुश थे लेकिन अब सड़क की हालत देखकर तकलीफ हो रही है। आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार के लोगो ने विभागीय अधिकारियों की लापरवाही का जमकर फायदा उठाया और डब्ल्यूबीएम व जीएसबी के कार्य में लापरवाही बरती गई। बिना मानक का पालन किए सड़क पर डामर बिछा दिया गया लेकिन अब डामर की परत के नीचे सिर्फ मिट्टी ही है। इस सड़क पर ट्रैक्टर चलना भी मुश्किल है और करोड़ो की सड़क पहली बारिश भी नहीं झेल पाएगी जिससे आदिवासी क्षेत्र के ग्रामीणों को फिर से परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### जारी किया गया है नोटिस

सड़क के गुणवत्ता की शिकायत मिली है और वीडियो भी सामने आया है। पीएमजीएसवाई के ईई को मामले की जांच के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही उप अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। तीन दिनों में जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का पालन करने के निर्देश भी दिए गए है।

-अजीत वसंत, कलेक्टर सरगुजा

## खबर संक्षेप

### जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने श्रमिक सम्मेलन आज

**बलरामपुर।** जिले के श्रमिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने तथा नए श्रमिकों के पंजीयन के उद्देश्य से 8 मई को ऑडिटोरियम भवन बलरामपुर में सुबह 10 बजे से श्रमिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में आदिम जाति विकास, कृषि विकास मंत्री रामविचार नेताम के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज करेंगे। कार्यक्रम में सामरी विधायक श्रीमती उधेश्वरी पैकरा, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हिरामुनी निकुंज, उपाध्यक्ष धीरज सिंह देव, रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, नपा अध्यक्ष लोधी राम एक्का, उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, जपं बलरामपुर अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा एवं उपाध्यक्ष श्रीमती बबली देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। श्रमिक सम्मेलन के माध्यम से जिले के श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, पंजीयन प्रक्रिया एवं हितग्राही मूलक सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। श्रम विभाग अधिकारी ने जिले के श्रमिकों एवं आमजन से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने का आह्वान किया है।

### आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु शहरी क्षेत्रों में कल तक विशेष शिविर

**अम्बिकापुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत विशेष शिविरों के माध्यम से आयुष्मान कार्ड पंजीयन एवं निर्माण कार्य किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर भी पंजीयन कार्य किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में वार्डों में लाल बहादुर शास्त्री वार्ड-25, लरंग साय वार्ड-40, भगवानपुर वार्ड-27, अब्दुल हमीद वार्ड, संत गहिरा गुरु वार्ड-30, जाकीर हुसैन वार्ड-39, महात्मा गांधीवार्ड-21, सुभाषचन्द्र बोस-22, नमनाकला वार्ड-14, रफी अहमद कीदवई वार्ड-40, भगवान महावीर वार्ड-20, वीरसावकर वार्ड-7, संत मदर टेरेसा- 4, आयुष्मान आरोग्य नमना वार्ड क्रमांक 12.14, गौरी वार्ड-5, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पुलिस लाईन, विशुनपुर वार्ड-48, आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिशुनपुर में शिविर लगाकर एवं घर-घर जा कर लोगों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन एवं निर्माण किया जा रहा। यह कार्य 9 मई तक जारी रहेगा, विभाग द्वारा हितग्राही शिविर में आकर तथा शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों में (आयुष्मान अरोग्य) भी पंजीयन करा सकते हैं।

### आवारा कुत्ता के काटने के दो माह बाद ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवापारा सुमेला पारा निवासी घूर साय लकड़ा (63 वर्ष) 12 मार्च को गांव में ही एक आवारा कुत्ता ने काट लिया। कुत्ता के काट लेने पर वृद्ध नवापारा स्थित अस्पताल में उपचार कराया। जहां अधिकांश रेबीज का इंजेक्शन लगाया और बचे कुछ इंजेक्शन दरिमा अस्पताल में लगवाया। आखिरी इंजेक्शन 13 मई को लगना था। इसी बीच वृद्ध की तबीयत खराब हो गई तो परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की बीती रात मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



## एक माह से खराब सोलर ड्यूल पंप, 50 पंडो परिवार पी रहे नदी-नाले का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

चांदनी बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोल्हुआ के पुराना स्कूलपारा में लगा सोलर ड्यूल पंप पिछले एक माह से खराब पड़ा है। पंप बंद होने से क्षेत्र के 50 पंडो परिवार गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं।

- अधिकारियों की लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों के अनुसार पूरे मोहल्ले के लोग इसी सोलर ड्यूल पंप के पानी पर निर्भर थे। पंप खराब होने के बाद अब लोगों को नदी-नालों का पानी पीना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में जल स्त्रोत भी लगातार सूखते जा रहे हैं, जिससे स्थिति और चिंताजनक बन गई है। दूषित पानी पीने से बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर ड्यूल पंप खराब होने की जानकारी कई बार पीएचई एवं क्रेडा के अधिकारियों को दी गई लेकिन अब तक खराब पम्प को सुधारने की पहल नहीं हो सकी है। क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है साथ ही पेयजल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। सुबह से लेकर शाम तक महिलाएं और बच्चे पानी की तलाश में भटकते नजर आते हैं। कई परिवारों को दूर-दराज के नदी-नालों से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी का पानी साफ नहीं होने के बावजूद मजबूरी में उसका उपयोग करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लाखों रुपये खर्च कर सोलर ड्यूल पंप लगाए गए थे, लेकिन रखरखाव के अभाव में योजना योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से खराब सोलर ड्यूल पंप की मरम्मत कराने की मांग की है तथा जल्द सुधार नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### 50 लीटर अवैध शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधर नगर पुलिस ने ग्राम एकताल में कार्रवाई करते हुए 50 लीटर अवैध शराब के साथ कोचिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने एकताल ग्राम के स्कूलपारा में छापेमार कार्रवाई करते हुए संदीप चौहान पिता सत्यनारायण चौहान के घर में दबिश दी, जहां आरोपी अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण और बिक्री करता पाया गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने घर की बाड़ी से दो प्लास्टिक पॉलिथीन में रखी कच्ची महुआ शराब जब्त की।

## कोयला लोड ट्रेलर की चपेट में आई महिला की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्का जाम



दुर्घटनाकारित ट्रक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विश्रामपुर

करंजी-झुमरूपारा मार्ग पर बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में कोयला लोड ट्रेलर की चपेट में आने से 48 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान करंजी निवासी मानमती, पति स्व. पारसराम के रूप में हुई है।

- आश्वासन के बाद शांत हुआ आंदोलन

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मानमती दोपहर में अपने घर से पैदल नवापारा स्थित रिश्तेदार के यहां दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक चल रहे कोयला लोड ट्रेलर (क्रमांक सीजी 15 ईए 6899) ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में महिला ट्रेलर के पहिए के नीचे आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला सिर पर धान की बोरी रखे हुए थीं। संकरे मार्ग में बोरी ट्रेलर के बॉडी से टकराने पर वह संतुलन खो बैठीं और हादसे का शिकार हो गईं। घटना दोपहर करीब 1 से 1:30 बजे के बीच की बताई जा रही है। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही लटोरी तहसीलदार सूर्यकांत साय और एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैकरा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। अधिकारियों ने मृतका के परिजनों को तत्काल 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की तथा मुआवजे की प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रेलर वाहन हर्ष इंटरप्राइजेज का बताया जा रहा है।

### ट्रक और बाइक में आमने सामने भिड़ंत, युवक की मौत



**सूरजपुर।** ग्राम तिलसिवा में ट्रक व बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हो जाने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सीए का छात्र बताया जा रहा है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के तिलसिवा इलाके में सुबह लगभग 9 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया,जिसमें बाइक और ट्रक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक शिवम मिश्रा सीए का छात्र बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक की बाइक की रफ्तार काफी तेज थी और वह सीधे सामने से आ रहे ट्रक टकरा गया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच के अनुसार मृतक घर में हुए किसी विवाद के बाद काफी गुस्से में था और आवेश में आकर ही अपनी बाइक लेकर घर से निकला था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सरगुजा पुलिस में व्यापक उलटफेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सरगुजा पुलिस में में कसावट लाने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर उलटफेर हुए है। सरगुजा डीआईजी एसएसपी राजेश अग्रवाल ने देर रात ट्रांसफर लिस्ट जारी है। सरगुजा एसएसपी राजेश अग्रवाल ने पुलिस विभाग में और ज्यादा कसावट लाने के तहत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों व अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया है। देर शाम जारी सूची में जिलेभर के लगभग 108 पुलिस कर्मचारी इधर से उधर हुए है। ज्यादातर वर्षों से एक ही जगह में जमे पड़े पुलिस विभाग के एएसआई व एसआई लेबल के अधिकारी प्रभावित हुए है। लंबे अंतराल से पुलिस लाईन में अटैच पुलिसकर्मियों को जिले के विभिन्न थानों में पद स्थापित किया गया है। पुलिस विभाग में इस बड़ी सर्जरी से पुलिसिंग में और अधिक कसावट आने की उम्मीद है।

## नेपाल में टारगेटबॉल खिलाड़ी रिंकी ने जीता गोल्ड



**अंबिकापुर।** नेपाल के काठमांडू में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय टारगेटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा की बेटी रिंकी सिंह ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारत व छत्तीसगढ़ के लिए गोल्ड मेडल हासिल किया है। रिंकी सिंह ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है।

बता दें कि नेपाल की राजधानी काठमांडू में 3 से 7 मई तक थर्ड इंटरनेशनल टारगेटबॉल अचीवर्स कप 2026 का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में सरगुजा की होनहार टारगेटबॉल रिंकी सिंह का चयन भारतीय टीम में किया गया था और उन्होंने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जीत हासिल की। सरगुजा जैसे दूरस्थ एवं सीमित संसाधनों वाले क्षेत्र से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना रिंकी सिंह की कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण का परिणाम है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि रिंकी सिंह लगातार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती आ रही हैं। इससे पहले भी कई पदक एवं सम्मान हासिल कर चुकी हैं, लेकिन इस बार नेपाल में आयोजित तीसरे इंटरनेशनल टारगेटबॉल अचीवर्स कप 2026 में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतना उनकी अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है।

### कलेक्टर ने सम्बंधित विभाग से कहा एक माह के भीतर पूर्ण करें कार्य, ग्रामीणों को मिलेगी राहत

# जिले के सुदूर व पहाड़ी कोरवा बसाहटों में 113 हैंडपंप व बोरवेल की होगी खुदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले के सुदूर एवं पहाड़ी कोरवा बसाहटों में पेयजल संकट के स्थायी समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अब इन क्षेत्रों में कुल 113 हैंडपंप एवं बोरवेल की खुदाई की जाएगी, जिससे ग्रामीणों को पारंपरिक स्त्रोतों से पानी लाने की मजबूरी से राहत मिलेगी। विगत दिनों मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सरगुजा जिले में पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर को तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने कहा था कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं होना पड़े। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया था कि शासन की योजनाओं खासकर बुनियादी जरूरतों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना यह सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसी क्रम में सरगुजा कलेक्टर एवं जिला खनिज संस्थान न्यास अध्यक्ष श्री अजीत वसंत ने मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित विभागों को एक माह के भीतर सभी 113 हैंडपंप एवं बोरवेल कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बताया कि स्थलीय सर्वे पहले ही कर लिया गया है जिले के लुण्ड्रा में 34, बतौली में 06, लखनपुर में 22, अम्बिकापुर में 11, सीतापुर में 16, मैनपाट में 20 तथा उदयपुर में 04 इस तरह इन विकासखण्डों में डीएमएफ मद से 113 हैंडपंप एवं बोरवेल खनन की जाएगी। 24 अप्रैल को आयोजित जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक में पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सहित अन्य सदस्यों की सहमति से यह कार्य की स्वीकृति दी गई है। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया है कि हैंडपंप खनन, बोरवेल खनन कर दीर्घकालिक समाधान के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं तथा सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर तेजी से एक माह में पूर्ण किए जाएं, ताकि सुदूर एवं पहाड़ी कोरवा बसाहटों में स्थायी पेयजल सुविधा सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री श्री साय के इस संवेदनशील पहल से जिले के दूरस्थ व वनांचल क्षेत्रों में वर्षों से चली आ रही पेयजल की समस्या से सैकड़ो गांवों के हजारों निवासियों को निश्चित ही राहत मिलेगी।



## दामाद ने सास को लाठी से वार कर किया घायल,अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



दामाद को समझाना सास को उस समय महंगा पड़ गया जब दामाद ने लाठी से किया वार कर घायल कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम मानपुर लाइनपारा निवासी सुनी बाई पति सोमर साय (60 वर्ष) बुधवार रात 10 बजे मंगारी निवासी दामाद भागवत आ. धरम देव द्वारा लाठी से सिर पर वार कर फरार हो गया। महिला सुनी बाई ने बताया कि तीन बेटियों में से सबसे छोटी बेटी संतोषी सिंह का विवाह मंगारी निवासी भागवत से हुआ है जिसके 2 बच्चे है जो सप्ताह भर से मानपुर में ही रह रही है। दामाद द्वारा विवाह के पश्चात ही बेटी से लड़ाई झगड़ा करते रहता है। बेटी संतोषी से बुधवार रात 10 बजे लड़ाई व गाली गलौज कर रहा था तभी दामाद को लड़ाई झगड़ा करने से मना कर रही थी तो दामाद ने डंडे से सिर पर वार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

**खबर संक्षेप**

### उज्ञांव में जन समस्या निवारण शिविर आज

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन क्लस्टरवार किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार 8 मई को सोनहत जनपद पंचायत के ग्राम उज्ञांव में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में उज्ञांव सहित अमृतपुर, सिंघोर, नटवाही, रामगढ़, आनंदपुर एवं दसेर ग्रामों के ग्रामीण काफी संख्या में शामिल होकर अपनी समस्याएं प्रस्तुत करेंगे। जिला व ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की मौजूदगी में शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही यथासंभव निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, इसके पूर्व 5 मई को बैकुंठपुर जनपद पंचायत के ग्राम सोंस में शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें बैकुंठपुर विधायक सहित जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही थी। उस शिविर में भी विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया।

### जंगली हाथियो से बचाव के लिए जन जागरूकता

**अनूपपुर।** जंगली हाथियों से बचाव के संबंध में जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत टकहुली तथा मौहरी में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में जंगली हाथियों से बचाव तथा उससे संबंधित प्रमुख जानकारी दी गई। विशेष ग्राम सभा में ग्राम वासियों के साथ ही जनपद पंचायत जैतहरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केके रैकवार तथा पेसा के जिला समन्वयक एवं ब्लॉक समन्वयक उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**अनूपपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा अनूपपुर द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत 3 मई को वृद्धाश्रम में तथा 4 मई को आंगनबाड़ी केन्द्र पटौराटोला में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा 6 मई को जिला जेल अनूपपुर में नशामुक्ति विषय पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। वृद्धाश्रम में शिविर के दौरान वृद्धजन का एनसीडी परीक्षण किया गया तथा प्रत्येक वृद्धजन से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली गई।

### 76 ने दी पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा

**बैकुण्ठपुर।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 7 मई को प्री पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन जिला मुख्यालय के एकमात्र परीक्षा केन्द्र में आयोजित किया गया, जहां मात्र 59 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने ही आयोजित प्रवेश परीक्षा में उपस्थित हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्री पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव पीजी कॉलेज बैकुंठपुर में केवल एक परीक्षा केन्द्र में आयोजित की गई, जहां पंजीकृत 128 अभ्यर्थियों में 76 अभ्यर्थी ही परीक्षा में उपस्थित रहे, जबकि 52 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

### कक्षा 9 वीं के लिए प्रवेश परीक्षा 10 को

**मनेन्द्रगढ़।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा को लेकर महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जारी आदेश के अनुसार प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए पात्र विद्यार्थियों की प्रवेश परीक्षा 10 मई को आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों की रिपोर्टिंग प्रातः 9 से 9:30 बजे तक निर्धारित की गई है, जबकि निरीक्षक द्वारा ओएमआर शीट भरवाने की प्रक्रिया प्रातः 9:30 से 10 बजे तक चलेगी।

### इंटीग्रेटेड फार्मिंग कार्य का निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत भाद पहुंचकर किसान प्रेमलाल केवट द्वारा किए जा रहे इंटीग्रेटेड फार्मिंग आधारित कृषि कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रॉबेरी, बरबटी, खरबूजा सहित विभिन्न फसलों की खेती एवं सिंचाई व्यवस्था का अवलोकन कर किसान से विस्तारपूर्वक चर्चा की।

---

आए दिन वाहनों की लगती है लंबी लाइन, राहगीर होते हैं परेशान

# चिरमिरी चौक पर जाम की समस्या बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के चिरमिरी चौक पर आए दिन वाहनों की जाम लगती रहती है, इसके चलते चिरमिरी मार्ग पर लंबी दूरी तक दिन में कई बार जाम की स्थिति बनती रहती है, इस वजह से लोगों एवं वाहन चालकों को इस मार्ग पर आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थिति तब अधिक बिगड़ती है, जब कोई भारी वाहन प्रतिबंध अवधि के बीच में प्रवेश कर जाता है।

नियमों का पालन नहीं किए जाने के कारण आए दिन इस मार्ग पर भारी वाहन शहर में प्रतिबंधि समय में प्रवेश कर जाते हैं और चिरमिरी चौक के पास मोड पर दिक्कतों का सामना करने के कारण इस मार्ग पर वाहनों की कतार कुछ दूरी तक बन जाती है। ऐसी स्थिति साप्ताहिक बाजार दिवस के अलावा अन्य सामान्य दिनों में भी बनती रहती है। विदित हो कि चिरमिरी चौक पर भारी वाहनों की दिन के समय आवाजाही होने के कारण चौक के मोड पास बड़ी वाहन मुश्किल से मुड़ती है, इस दौरान चौक पर तीनों ओर वाहनों की कतार लगने लगती हैं। संकरा चौक होने के कारण मोड़ने के लिए भारी वाहनों को परेशानी होती हैं कि सभी ओर से वाहनों की आवाजाही होती रहती है, ऐसे में कई बार बडे भारी वाहन मुश्किल से मुड़ती हैं, इसके चलते चौक पर वाहनों की कतार लग जाती है।



**मार्ग चौड़ीकरण की जरूरत**

शहर से गुजरने वाली मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण की मांग काफी पुरानी है,जो अब तक पूरा नहीं हो पाया है,लेकिन इससे कही ज्यादा चिरमिरी मार्ग के चौड़ीकरण करने की जरूरत हैं। इस मार्ग पर अक्सर चिरमिरी चौक से आगे कुछ दूरी तक जाम की समस्या आए दिन उत्पन्न होती रहती है, इसके चलते वाहन चालकों के साथ दुपहिया चालकों को भी जाम के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक जाम की स्थिति चिरमिरी चौक से चिरमिरी मार्ग पर बनती है, ऐसे में सबसे पहले प्राथमिकता चिरमिरी मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर हैं।

**प्रतिबंधित समय में भारी वाहनों का शहर प्रवेश मुख्य कारण**

पुलिस द्वारा शहर में भारी वाहनों के प्रवेश के लिए समय निर्धारित कर दिए हैं, बावजूद भारी वाहन नियमों को अनदेखा कर प्रतिबंधित समय में शहर में प्रवेश कर जाते हैं। जानकारी के अनुसार शहर में सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है, बावजूद आए दिन भारी वाहन उक्त नियमों को अनदेखा करते हुए प्रतिबंधित अवधि में शहर में प्रवेश कर जाते हैं, इससे चिरमिरी चौक पर जाम की स्थिति अक्सर बनती रहती है।

**बाजार दिवस सबसे अधिक परेशानी**

शहर के साप्ताहिक बाजार दिवस को चिरमिरी मार्ग पर सबसे अधिक जाम की समस्या दिन में कई बार बनती रहती है। रविवार एवं गुरूवार को चिरमिरी चौक व इसके आगे कुछ पूरी तक वाहनों की जाम के कारण लोगों एवं वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**कार्रवाई नहीं होने से टूट रहे नियम**

शहर में सुबह 8 से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है, इसके लिए शहर प्रवेश के पूर्व बोर्ड भी लगाया गया है, लेकिन नियमों को अनदेखा कर आए दिन भारी वाहन उक्त अवधि में प्रवेश कर जाते हैं, ऐसे भारी वाहन जो प्रतिबंधित अवधि में शहर में प्रवेश करते हैं, उन पर चालानी कार्यवाई करने की जरूरत है, ताकि आए दिन नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को सबक मिल सके और नियमों का पालन सुनिश्चित हो।

---

# एनएच पर हादसा युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ ट्रैक्टर और बाइक में भिड़ंत

जिले के पटना थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 43 पर डुमरिया बाजार के पास गुरूवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार जिला सरगुजा के नमनाकला निवासी 28 वर्षीय त्रिशूल प्रजापति बाइक से बैकुंठपुर आ रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पटना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है तथा परिजन को सूचना दे दी गई है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।





दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

### जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 2026 का आयोजन खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य एवं एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया जा रहा है जिला प्रशासन के सहयोग से खेल विभाग द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया है। फुटबाल, क्रिकेट का प्रशिक्षण आत्मानंद विद्यालय मनेन्द्रगढ़, कबड्डी का प्रशिक्षण खेलो इंडिया लघु केन्द्र बंजी, बैडमिंटन का प्रशिक्षण बैडमिंटन हॉल नई लेदरी तथा कराते का प्रशिक्षण वार्ड क्रमांक 9 पेण्ड्रा दफाई मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 14 मई से 3 जून तक प्रातः 6 से 8 बजे एवं सायं 5 से 7 तक किया जाएगा।

---

# मनेन्द्रगढ़ में लोगों को नहीं मिल रहा साफ पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

मनेन्द्रगढ़ शहर दूषित पेयजल संकट से जूझ रहा है। नगर पालिका द्वारा घरों में जो पानी सप्लाई किया जा रहा है, वह नालों जैसा गंदा, बदबूदार और स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। लगातार गंदा पानी सप्लाई होने के कारण शहर में पीलिया जैसी गंभीर बीमारी तेजी से फैल रही है, लेकिन नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी पूरी तरह संवेदनहीन बने हुए हैं।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर के अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की लापरवाही अब प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि जनता के जीवन के साथ खुला खिलवाड़ बन चुकी है। जिन लोगों को जनता ने शहर की मूलभूत सुविधाओं की जिम्मेदारी सौंपी थी, वहीं लोग आज शहरवासियों को बीमारी और मौत की ओर धकेलने का काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर की जनता दूषित पानी पीने को मजबूर है, लेकिन नगर पालिका के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और भाजपा के जिम्मेदार नेता एसी कमरो में बैठकर बिसलेरी का पानी पी रहे हैं। आम नागरिकों की पीड़ा और स्वास्थ्य से उन्हें कोई सरोकार नहीं रह गया है। श्री मिश्रा ने कहा कि यह स्थिति नई नहीं है। इसी मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नगर निगम चिरमिरी में भी दूषित पानी की सप्लाई के कारण पीलिया फैला था, जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी। उस समय स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मीडिया में बड़े-बड़े बयान देते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और एफआईआर की बात कही थी, लेकिन आज तक किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब वही भयावह स्थिति मनेन्द्रगढ़ शहर में बन रही है।



■ पीलिया फैलने के बाद भी प्रशासन मौन

---

**भीषण गर्मी में बांध सूखा...**



**बैकुण्ठपुर।** सोनहत मुख्यालय से कुछ दूरी पर जंगल में स्थित वन विभाग द्वारा निर्मित बांध लगभग सूख गया है, इससे वन्य प्राणियों को गर्मी में प्यास के लिए भटकना पड़ रहा है। यह बांध गुरूघासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व क्षेत्र के निकट हैं।

---

# कृषि कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं छात्रसंघ शपथ ग्रहण समारोह



**बैकुण्ठपुर।** स्व. डॉ. रामचंद्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कोरिया में वार्षिकोत्सव सरगम, छात्रसंघ शपथ-ग्रहण समारोह एवं पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बैकुंठपुर एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.डीके गुप्ता ने की। इस अवसर पर निदेशक प्रसार सेवाएं सह-निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. एसएस टुटेजा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अधिष्ठाता डॉ. गुप्ता ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए स्थापना से अब तक की उपलब्धियों की जानकारी दी। वहीं डॉ. टुटेजा ने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं शिक्षकेत्तर गतिविधियों की सराहना करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्धता के लिए पर्याप्त भूमि की आवश्यकता बताई। मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कृषि वैज्ञानिकों को भगवान तुल्य बताते हुए छात्र-छात्राओं एवं पूर्व छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

### दूरस्थ गांव में लग रहा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**मनेन्द्रगढ़।** विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने एक सराहनीय पहल की है। अब ऐसे गांव जो अपने निकटतम उप स्वास्थ्य केन्द्र से 5 किमी या उससे अधिक दूरी पर स्थित हैं, वहां नियमित रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। विभाग की इस योजना के तहत प्रत्येक गुरूवार को चिन्हित गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाई जा रही हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है, जो दूरी, परिवहन की कमी या अन्य कारणों से समय पर प्राथमिक उपचार नहीं प्राप्त कर पाते। विशेष रूप से बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को इससे बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।

---

# क्यूआर कोड से मिली योजनाओं की जानकारी

■ जल संरक्षण और आजीविका संवर्धन पर ग्रामीणों ने लिया संकल्प

**बैकुण्ठपुर।** जिले की ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यस्थलों पर व्यापक जनभागीदारी एवं उत्साह के साथ ग्राम रोजगार सह आवास दिवस का आयोजन किया गया। प्रत्येक माह की 7 तारीख को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में श्रमिकों, महिलाओं एवं ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में लोगों ने क्यूआर कोड स्कैन कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा जल संरक्षण कार्यों में सहभागिता का संकल्प लिया। राज्य शासन के निर्देशानुसार चावल महोत्सव के साथ ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस आयोजित किया गया। जिलेभर में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित क्लस्टर शिविरों के पूर्व संबंधित हितग्राहियों से संपर्क स्थापित कर योजनाओं से जुड़ी प्रक्रियाओं को गति दी गई। ग्राम रोजगार सह आवास दिवस के अवसर पर मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित भुगतान तथा जियो टैगिंग कार्यों को ग्राम पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर पूर्ण किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों को अपने आवास निर्माण कार्य को निरंतर जारी रखने एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया।

पंचायतों में स्वीकृत सभी आवासों का निर्माण अधिकतम 90 दिवस में पूर्ण करने के उद्देश्य से सामूहिक संकल्प लिया गया। नवा तरिया सहित जल संरक्षण से जुड़े निर्माण कार्यों को आगामी वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण करने पर विशेष चर्चा की गई। ग्रामीणों ने आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण को अपनाने एवं जल संचय बढ़ाने की शपथ ली। महिलाओं ने भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। सीएलएफ एवं स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने रोजगार से आगे बढ़कर स्थायी आजीविका के साधनों को विकसित करने पर चर्चा की। आजीविका डबरी निर्माण को आय के स्थायी स्त्रोत के रूप में विकसित करने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में इस माह कार्य पूर्ण करने की रणनीति तैयार की गई। जिले में सैकड़ों डबरियों के माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में कार्य जारी है। मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित स्वीकृत एवं पूर्ण कार्यों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी संख्या में क्यूआर कोड लगाए गए हैं।

---

कई मांगों को लेकर चक्काजाम, वक्ताओं ने क्षेत्र की उपेक्षा का लगाया आरोप

# चिरमिरी की समस्याओं को लेकर कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरमिरी के तत्वावधान में गुरुवार को शहर की लंबे समय से लंबित मूलभूत समस्याओं एवं विकास कार्यों की अनदेखी के विरोध में विशाल धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव एवं पूर्व विधायक विनय जायसवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। आंदोलन शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे धरना-प्रदर्शन से हुई। दोपहर 3 बजे आमसभा आयोजित की गई, वहीं शाम 5 से 6 बजे तक हल्दीबाड़ी से बड़ा बाजार रोड तक चक्का जाम कर विरोध दर्ज कराया गया। आंदोलन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चिरमिरी शहर से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इनमें जर्जर सड़कों का पक्कीकरण, पेयजल संकट का स्थायी समाधान, नियमित जलापूर्ति, जिले के प्रमुख कार्यालयों को चिरमिरी में स्थानांतरित करना, एसईसीएल द्वारा विकास कार्यों में लगी रोक हटाना, शासकीय बीएड एवं लॉ कॉलेज की स्थापना, चिरमिरी को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाना तथा चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन को रायपुर तक विस्तार देने की मांग शामिल रही, इसके अलावा पात्र निवासियों को भूमि पट्टा प्रदान करने, जिला अस्पताल में ब्लड बैंक एवं डायलिसिस सुविधा शुरू करने तथा शहर की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू कराने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

सभा को प्रदेश सचिव सुभाष कश्यप, ब्लॉक अध्यक्ष शिवांश जैन, ओमप्रकाश गुप्ता, मंजीत सिंह, राहुल भाई पटेल, गायत्री विरहा, रज्जाक खान, शनि चौहथा, माईकन अली, सुनील कुमार, उमाशंकर अलगमकर, रेशम त्रिपाठी, शाहाबुद्दीन, एई विक्रमादित्य, रबी विरहा, निशार अहमद, अन्नू झा एवं दिनेश यादव सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर क्षेत्र




आयोजित धरना प्रदर्शन में उपस्थित कांग्रेसजन।

---

# शिव मंदिर परिसर में मिली दो माह की बच्ची

**बैकुण्ठपुर।** जिले के सीमावर्ती क्षेत्र डुमरिया में मानवता को झकझोर देने वाली एक संवेदनशील घटना सामने आई है। नेशनल हाईवे-43 स्थित नदी किनारे बने शिव मंदिर परिसर में करीब दो माह की एक दुधमुंही बच्ची लावारिस हालत में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

जानकारी के अनुसार गुरूवार सुबह मंदिर परिसर से बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे, जहां मासूम बच्ची अकेली पड़ी मिली। यह दृश्य देखकर लोगों का दिल दहल गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को अपने संरक्षण में लेकर स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल बैकुंठपुर भेजा। प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि देर रात कोई अज्ञात व्यक्ति बच्ची को मंदिर परिसर में छोड़कर फरार हो गया। लोगों ने इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुट गई है। मंदिर परिसर और हाईवे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है, ताकि बच्ची को छोड़ने वालों का पता लगाया जा सके।

## खबर संक्षेप



### बैठक में अरविंदो आश्रम कल्याणकारी योजनाओं पर कुई चर्चा

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के सिटी ऑफिस स्थित सभागृह में गुरुवार को कुलपति प्रो.राजेंद्र लाकपाले के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं श्री अरबिंदो मिशन की छत्तीसगढ़ की चेयरपर्सन डा इंदिरा मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में डा इंदिरा मिश्रा ने श्री अरबिंदो आश्रम ,श्री अरबिंदो एवं श्री मां से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से बताया।कुलपति प्रो.लाकपाले ने श्री अरबिंदो मिशन के माध्यम से कोचिंग सेंटर तथा औषधीय एवं पुष्प पौधों की नर्सरी विकसित करने एवं उनकी देखभाल की ट्रेनिंग दिए जाने का प्रस्ताव रखा जिसका सभी सदस्यों ने स्वागत किया।डा इंदिरा मिश्रा ने श्री अरविंदो एवं श्री मां के आदर्शों से समाज के कल्याणकारी भाव एवं जन मानस के लिए उनके विचार साझा किया। उन्होंने बताया कि बच्चों में उत्सुकता बढ़नी है, बच्चों की अच्छी एवं व्यावहारिक शिक्षा,खेल खेल में शिक्षा, बच्चों के मनोशक्ति को विकसित करने वाले कारकों को पहचान करके आधार पर ऐसे पाठ्यक्रम लाए जाए जिससे शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास हो सके। बैठक में मालवीय मिशन के सदस्यों सहित प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। हरि शंकर त्रिपाठी ने आभार ब्यक्त किया।उपस्थित सदस्यों ने श्री अरविंदो के सिद्धांतों के माध्यम से समाज एवं बच्चों के बीच जनचेतना एवं समाज कल्याण के कार्यसरगुजा में करने का संकल्प लिया।

### विद्यार्थियों ने किया कृषि फार्म एवं कौशल विकास केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कला एवं मानविकी विभाग के विद्यार्थियों ने सरगवां स्थित करजी कृषि फार्म का शैक्षिक भ्रमण किया। स्नातक और स्नातकोत्तर भूगोल, पर्यावरणीय अध्ययन तथा समाज कार्य के विद्यार्थियों ने तकनीकी तथा उद्योग आधारित सब्जी की खेती का गहन अवलोकन किया। पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की गुणवत्ता, साग-सब्जियों का उत्पादन विद्यार्थियों को लाभकारी दिखा। विद्यार्थियों ने बागवानी की प्रविधियां एवं आधुनिक तकनीकी की सहायता से उनकी गुणवत्ता विकसित करने की तैयारी को समझा। इसी क्रम में महाविद्यालय के कला एवं मानविकी विभाग के एमएसडब्ल्यू और एम.ए. ज्योग्राफी के विद्यार्थियों ने सोशल आउटरिच एवं स्किल डेवलपमेंट के तहत उदयपुर के परसा केते स्थित अदानी फाउंडेशन द्वारा संचालित कौशल विकास केंद्र शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने वर्मी पोस्ट बनाने की कार्यशाला, गोबर खाद्य संयंत्र, मशरूम उत्पादन, पौधों की नर्सरी को देखा। कौशल विकास केंद्र में सिलाई-कढ़ाई, खनन से जुड़े विभिन्न मशीनरियों और उनके रखरखाव से अवगत हुए। इस दौरान विद्यार्थियों ने ओपन माइंस के बाद ग्रामीणों का पुनर्वास और चुनौतियां के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने आजीविका मिशन से जुड़े विभिन्न समाज कल्याण गतिविधियों को देखा।

## निधन

### सुरेंद्र सिंह

**बिश्रामपुर।** रेलवे स्टेशन चौक समीप माल धक्का मोहल्ला निवासी एसईसीएल ठेकेदार



सुरेन्द्र सिंह 50 वर्ष का गुरुवार की प्रातः निधन हो गया,जिनका अंतिम संस्कार ग्राम कुरवाँ स्थित मुक्तिधाम में किया गया,स्व.सुरेंद सिंह करीब एक वर्ष से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे,वे अपने पीछे दो पुत्र,पत्नी सहित भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।

---

### चौक के समीप लोगों की रहती है भीड़, पेयजल के लिए भटकते हैं लोग

# प्याऊ जल केंद्र नहीं खुलने से राहगीर एवं ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल उपलब्ध हो इसके ध्यान में रखकर आरजीके सब एरिया क्षेत्र के मानीचौक में प्रत्येक वर्ष एसईसीएल प्रबंधन द्वारा निशुल्क प्याऊ जल केंद्र का संचालन किया जाता था। इस वर्ष अप्रैल माह बीत जाने के बावजूद प्याऊ जल केंद्र के शुरू नहीं होने से अब राहगीरों सहित ग्रामीणों को न सिर्फ परेशानी बढ़ गई है बल्कि दुकानों से बंद बॉटल खरीद कर प्यास बुझाने को मजबूर है।

**खास बात**
- एसईसीएल प्रबंधन द्वारा गर्मी के दिनों में प्याऊ केन्द्र का किया जाता है संचालन

मानीचौक क्षेत्र का हब माना जाता है यहां पर आसपास के दर्जनों पंचायत के ग्रामीण व एसईसीएल कर्मचारी रोजमर्रा का सामान क्रय करने आते है लेकिन उनके लिए एक भी प्याऊ जल की उचित व्यवस्था नहीं है। पिछले कई सालों से आरजीके सबएरिया क्षेत्र द्वारा प्याऊ जल केंद्र का संचालन किया जाता है। एसईसीएल के रेहर, गायत्री, केतकी सहित आमगांव ओसीपी का मुख्य चौक है जहां कोयला लोड ट्रक में सील,त्रिपोली व बिल्टी कार्य के लिए घंटों रुकना पड़ता है। खदान के अधिकारी कर्मचारी इस मार्ग से गुजरते है लेकिन प्याऊ को लेकर कोई गंभीर नहीं है। एसईसीएल के महिला कमेटी द्वारा रेहर खदान के पास प्याऊ जल केंद्र का शुभारंभ किया गया है, साथ ही गायत्री खदान के गेट में प्याऊ जल केंद्र खोला गया है लेकिन वहां पहले से प्याऊ की व्यवस्था है। जबकि गायत्री खदान के सामने पंचायत द्वारा अवैध पार्किंग चलाया जा रहा है लेकिन प्याऊ की व्यवस्था नहीं की गई है जबकि पार्किंग वसूली करने पर पंचायत को प्याऊ की व्यवस्था करना चाहिए था।

क्षेत्र के जनप्रतिनियों ने बताया कि एसईसीएल कंपनी पिछले 25 वर्षों से इस जगह पर है लेकिन आज तक उसके अधिकारी क्षेत्र की मूलभूत समस्या को समझ नहीं सके। भीषण गर्मी पड़ना शुरू हो गया है लेकिन अभी तक एसईसीएल प्रबंधन द्वारा प्याऊ केन्द्र नहीं खोला गया है जिससे लोगों को पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा।



चौक के पास मौजूद यात्री।

### घरों से पानी मांगकर बुझाते है प्यास

मानी चौक के समीप प्याऊ केन्द्र नहीं खोले जाने से इस भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में दूर दराज से आने वाले कुछ लोग तो चौक के समीप दुकान से बंद पानी बॉटल खरीद कर प्यास बुझा लेते है लेकिन जिसके पास पैसा नहीं होता तो वह आसपास पास के घरों से पानी मांग कर प्यास बुझाते है। लोगों का कहना है कि अप्रैल के अंतिम सप्ताह में भीषण गर्मी पड़ना शुरू हो गया है और अभी तो पूरा गर्मी का मौसम बाकी है। ऐसे में प्याऊ केन्द्र नहीं खोला गया तो आने वाले दिनों में राहगीर समेत लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

### यात्री प्रतीक्षालय की मांग नहीं हुई पूरी

मानी चौक के समीप प्रतीक्षालय नहीं होने के कारण यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दोपहर में कई यात्री बस के इंतजार के लिए चौक समीप पहुंचते है लेकिन यात्री प्रतिक्षालय नहीं होने के कारण यात्री भीषण गर्मी से बचने के लिए पेड़ के नीचे या किसी दुकान में शरण लेने को मजबूर है। क्षेत्र के लोगों ने चौक के समीप यात्री प्रतिक्षालय निर्माण के लिए कई बार मांग की परंतु आज तक मांग पूरी नहीं हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि अपनी मांगों को लेकर सड़कों उतरते है तब बड़े अधिकारी मौके पर आकर समस्या का निजात दिलाने की बात कहते है। लेकिन वर्षो पुरानी यात्री प्रतिक्षालय की मांग आज पूरी नहीं हो सकी।

---



## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षा का परिणाम में इस वर्ष शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़ का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। विद्यालय में 10वीं में 95.65 प्रतिशत तथा 12वीं में 99.9 प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा दसवीं में कुल 92 छात्र परीक्षा में शामिल हुए जिसमें से 85 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में पास हुए। कक्षा 12वीं में कुल 109 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें से 104 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी मो.इस्माइल खान की उपस्थिति में हुई। प्राचार्य सुशील कुमार एक्का व प्रधान पाठक शोभन भट्टाचार्य ने गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया। सीता भास्कर राव ने 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं से मुख्य अतिथि का परिचय कराया जिसमें कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान पर आशा बेक 94.33 प्रतिशत दूसरे स्थान पर संजना पैकरा 94 प्रतिशत तीसरे स्थान पर सुदर्शन और अंशु 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त की। कक्षा 12वीं में सुखविंदर पर 93.80 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, प्रियंका 93.20 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान तथा माधुरी पर 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी के कठिन परिश्रम और बच्चों की मेहनत से विद्यालय का रिजल्ट अच्छा रहा। उन्होंने कहा कि सभी कंपटीशन के क्षेत्र में आगे क्या करना है इस पर अभी से समय निकालकर चरणबद्ध तरीके से तैयारी करें तब जाकर शासकीय सेवा में सफल हो सकेंगे। प्राचार्य सुशील कुमार एक्का ने कहा कि जो परिणाम आया है यह हमारे समस्त शिक्षकों के परिश्रम का परिणाम है। इस अवसर पर अमर, पुष्प लता, अनूपा, मंजू भगत, सुदर्शन यादव, नीलू मिंज, आनंदी किंडो, अमितेश यादव, मुकेश, बिहानी, नीलू सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

---

## बापू वार्ड में सड़क पर बह रहे गंदे पानी से बढ़ी लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 12 स्थित मिशन स्कूल रोड चौक में गंदे पानी की निकासी को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि एक घर से लगातार सड़क पर गंदा पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे राहगीरों और आसपास के लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क पर बहते गंदे पानी के कारण पूरे क्षेत्र में दुर्गंध और गंदगी का माहौल बना हुआ है। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है, जो प्रतिदिन इस मार्ग से



आवागमन करते हैं। गंदे पानी के कारण सड़क पर कीचड़ हो गई है, जिससे दुर्घटना और बीमारी का खतरा भी बढ़ गया है। स्थिति की गंभीरता इस बात से भी समझी जा सकती है कि इसी चौक पर शासकीय प्रतीक्षालय का निर्माण किया गया है, जहां यात्रियों के बैठने और विश्राम की व्यवस्था है। लेकिन प्रतीक्षालय के आसपास फैली गंदगी और बहते गंदे पानी के कारण वहां रुकना तक मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि जब आसपास इतनी गंदगी होगी तो यात्री वहां कैसे बैठ पाएंगे। क्षेत्र के लोगों ने मामले की शिकायत पूर्व में भी नगर पंचायत प्रतापपुर से की है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला हैं। कार्रवाई नहीं होने से लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर गंदे पानी की निकासी तत्काल बंद कराई जाए। साथ ही प्रतीक्षालय के आसपास साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए जिससे लोगों को राहत मिल सके।

इस संबंध में सीएमओ यूसीफ्रिया एक्का ने कहा कि मौके पर जांच टीम भेजती हूं, सड़क पर नाली का पानी बहाना गलत है और कार्रवाई की जाएगी।

---

## मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन नहीं होने से भ्रम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव होती है, लेकिन वर्तमान में जिला प्रशासन और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

- कांग्रेस शिवनंदनपुर मंडल अध्यक्ष ने निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही करने की माँग की

आरोप है कि संबंधित अधिकारी सत्ता दल को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य कर रहे हैं तथा मतदाता सूची के प्रकाशन में जानबूझकर लापरवाही बरती जा रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सूची का समय पर प्रकाशन अत्यंत आवश्यक होता है किंतु प्रशासन द्वारा अब तक मतदाता सूची के प्रकाशन को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी जारी नहीं की गई है। इससे आम मतदाताओं में भ्रम और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो रही है।प्रारंभिक मतदाता सूची चारी होने के पूर्व जिला प्रशासन ने समय सीमा तय की थी, जिसके तहत 5 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होना तय था परंतु आज तक अंतिम प्रकाशन नहीं होने से यह प्रतीत होता है कि चुनाव अधिकारी व जिला प्रशासन सत्ता दल के दबाव में कार्य कर मतदाता सूचि में हेर फेर कर चुनाव हो प्रभावित करने का प्रयास कर रही है।काँग्रेस शिवनंदनपुर मंडल अध्यक्ष चन्दन सिंह ने कहा कि मतदाता सूची में बड़ी संख्या में नाम जोड़ने और हटाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन प्रशासन इन शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहा और शिकायतों के बाद भी आज तक उन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। यदि मतदाता सूची का पारदर्शी तरीके से प्रकाशन नहीं किया गया तो निष्पक्ष चुनाव की भावना प्रभावित हो सकती है। उन्होंने मांग किया है कि चुनाव आयोग व जिला प्रशासन तत्काल मतदाता सूची सार्वजनिक करें, तथा सभी राजनीतिक दलों को सूची उपलब्ध कराई जाए। साथ ही मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की अनियमितता की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और जनता के विश्वास के अनुरूप हो।

---

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवशंकर अग्रवाल आ. स्व. अशोक कुमार अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 09 जवाह मार्केट महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड अम्बेडकर चौक अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम नमनाकला स्थित भूमि खसरा नंबर 2/939 रकबा 0.020 हे. भूमि को अनावेदक अरूण कुमार आ. धनेश्वर प्रसाद व अन्य निवासी मंदिरपारा ग्राम बन्दना पो. कोट तहसील सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अपने निजी कार्य हेतु रूपयो की आवश्यकता होने के कारण अंकन राशि रूपये 7,50,000/- में भूमि बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 20.05.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-04/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

---

## सभाकक्ष में कलेक्टर जयवर्धन को दी गई विदाई



**सूरजपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एस जयवर्धन के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उपस्थित होकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

एस जयवर्धन को आगामी पदस्थापना के तहत संचालक, कोष एवं लेखा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए प्रशासनिक कार्यशैली, सरल व्यवहार एवं नेतृत्व क्षमता की सराहना की। विदाई समारोह के दौरान कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले के विकास में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि टीम भावना और समन्वय से ही प्रशासनिक कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

---

## लोक निर्माण विभाग पर खानापूर्ति करने का आरोप, कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**सूरजपुर।** कांग्रेस मीडिया प्रभारी अविनाश साहू के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने अपर कलेक्टर जगरनाथ वर्मा से मुलाकात कर कलेक्टर के नाम तीन अलग-अलग ज्ञापन सौंपा। साथ ही विभाग द्वारा की जा रही जांच को केवल खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है। जिला



मीडिया प्रभारी अविनाश साहू ने सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि 20 दिन पूर्व ही रामानुजनगर-कौशलपुर-भैसामुड़ा मार्ग पर हो रहे निर्माण में गड़बड़ी करने के संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। कलेक्टर ने संज्ञान में लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग को जांच कर रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिए लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई करने के बजाय कागजी खानापूर्ति कर 20 दिनों तक मामले को दबाए रखा। अविनाश साहू ने प्रतिनिधि मंडल के साथ ज्ञापन के माध्यम से रामानुजनगर कौशलपुर-भैसामुड़ा मुख्य मार्ग में सड़क सह पुलिया निर्माण में पुलिया के बेस में मानक कंक्रीट मिक्सर के स्थान पर बड़े-बड़े बोल्डर पत्थर भरे जाने की शिकायत की थी। इसके अलावा दो ज्ञापनों में सड़क निर्माण गुणवत्ताहीन किए जाने की शिकायत की थी। मीडिया प्रभारी एवं प्रतिनिधि मंडल मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान परमेश्वर राजवाड़े, राजू राजवाड़े, इमरान अंसारी, लिवनेश सिंह, नरेश राजवाड़े, आशीष सिंह, यशवंत सिंह, छत्रपाल सिंह, आयुष सैंडिल, आशीष कुमार, पीके सिंह, ललित सिंह, अमित पैकरा, जितेंद्र कुर्रे,लालसाय राजवाड़े, दिल भजन, बीनू राजवाड़े, विनोद सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सरगुजा मार्केट**

**डॉ विकास अग्रवाल**
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 9 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
**डॉ भाविक शाह**
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
**डॉ संजय अग्रवाल**
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
**डॉ अमित मुखर्जी**
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
**डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल**
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
**वारसी शिफा**
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

**डॉ. तुषार जैन**
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
**डॉ.दीपक अग्रवाल** (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 10 मई 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
**निशांत मेडिकोज**
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

**गुप्त रोग**
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - **विश्वास औषधालय**
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

**THE LOTUS CONSULTANCY**
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING
·DEEMED COLLEGE
·COUNSELLING
·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
·FORM FILLUP ASSISTANCE
·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur | CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

**TOP IN SURGUJA**

**ASHISH**
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
· फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
· उठने बैठने में तकलीफ
· जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
· घुटनों में सूजन होना
· कंधे की ताकत कम होना
· कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
· सुबह जोड़ों में अकड़न होना
· चलने फिरने में दर्द
**गायत्री हॉस्पिटल**
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
**डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा**
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
**VC INSTITUTE**
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

**DR. ABHIMANYU'S**
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆नसों का रोग
◆त्वचा एवं बालों का रोग ◆स्त्री रोग ◆मानसिक रोग
◆मूत्र संबंधी रोग ◆मधुमेह (डायबिटीज़) ◆नेत्र रोग
◆किडनी संबंधी रोग ◆पेट संबंधी विकार ◆थायराइड
◆अस्थमा ◆मोटापा ◆मांसपेशी का रोग
◆मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### मैनपाट के 17 पंचायत समेत निकायों में शिविर आज

**अम्बिकापुर**। सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार 8 मई को ग्रामीण क्षेत्र में एक एवं नगरीय क्षेत्र में दो शिविर लगेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत कमलेश्वरपुर (हाई स्कूल ग्राउड) में शिविर होगा। जिसमें 17 ग्राम पंचायतों सरभंजा, रोपाखार, कमलेश्वरपुर, कुदारीडीह, सपनादर, बिरसरपानी, करम्हा, अमगांव, समनिया, कदनई, पैगा, सुपलगा, असगंवा, केसरा, पथरई, लुरेना, परपटिया के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे। शिविर प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सीतापुर एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैनपाट होंगे। इसी प्रकार नगर पालिक निगम में शिविर स्थल पुराना नगर पालिक निगम अम्बिकापुर कार्यालय प्रशासनिक भवन केदारपुर पानी टंकी के पास 8 वार्डों हेतु शिविर होगा। जिसमें वार्ड क्रमांक 15,17,18,19,20,25,26,28 वार्ड शामिल है। शिविर प्रभारी अधिकारी उप अभियन्ता रत्नेश कंवर एवं सहायक शिविर प्रभारी प्लेसमेंट मोहन सिंह एवं राजेश कश्यप होंगे। नगर पंचायत लखनपुर में शिविर स्थल प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के पास वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 के वार्डवासियों के लिए शिविर होगा, शिविर प्रभारी अधिकारी नगर पंचायत लखनपुर के उप अभियंता श्री प्रदीप कुमार एक्का होंगे।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर दस हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर**। शराब पीकर बाइक चलाने वाले चालक पर न्यायालय ने युवक पर दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया है। बतौली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 मई को केनपरा बगीचा रोड पर थाना बतौली पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल का चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाया गया। वाहन चालक द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन किए जाने पर बाइक क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 5518 के चालक जशपुर जिले के बगीचा गायबुडा निवासी 24 वर्षीय राजेश यादव आ. गणेश यादव को पकड़कर जांच की गई। जांच के दौरान डॉक्टरी मुलाहिजा में बाइक चालक शराब के नशे में धुत होकर वाहन चलाते पाया गया जिसपर पुलिस द्वारा मामले में धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर प्रकरण को न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायालय ने युवक पर 10 हजार रूपए का अर्थ दंड लगाया है। इस कारवाई में थाना प्रभारी विवेक सेंगर, आरक्षक राकेश एक्का की सक्रिय भूमिका रही।

### एक माह से खराब सोलर ड्यूल पंप, 50 पंडो परिवार पी रहे नदी-नाले का पानी



**बिहारपुर**। चांदनी बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोल्हुआ के पुराना स्कूलपारा में लगा सोलर ड्यूल पंप पिछले एक माह से खराब पड़ा है। पंप बंद होने से क्षेत्र के 50 पंडो परिवार गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार पूरे मोहल्ले के लोग इसी सोलर ड्यूल पंप के पानी पर निर्भर थे। पंप खराब होने के बाद अब लोगों को नदी-नालों का पानी पीना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में जल स्रोत भी लगातार सूखते जा रहे हैं, जिससे स्थिति और चिंताजनक बन गई है। दूषित पानी पीने से बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर ड्यूल पंप खराब होने की जानकारी कई बार पीएचई एवं क्रेडा के अधिकारियों को दी गई लेकिन अब तक खराब पम्प को सुधारने की पहल नहीं हो सकी है। क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है साथ ही पेयजल संकट ने विकराल रूप ले लिया है। सुबह से लेकर शाम तक महिलाएं और बच्चे पानी की तलाश में भटकते नजर आते हैं। कई परिवारों को दूर-दराज के नदी-नालों से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी का पानी साफ नहीं होने के बावजूद मजबूरी में उसका उपयोग करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लाखों रुपये खर्च कर सोलर ड्यूल पंप लगाए गए थे।

## खतरे में तालाबों का अस्तित्व

# शहर के तालाबों पर भू- माफिया की नजर ज्यादातर का बदल गया नक्शा और रकबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- भू जलस्तर पर भी पड़ेगा असर, बेखौफ होकर पाट रहे तालाब

शहर में जल स्त्रोत का प्रमुख आधार तालाब व नालों पर अब भूमाफियों की नजर पड़ गई है। भूमाफिया कागजों में हेरफेर कर तालाबों को पाटने का काम कर रहे है। आलम यह है कि आए दिन तालाबों को पाटने की तस्वीरें सामने आ रही है। भू-माफियाओं द्वारा किनारों से तालाबों को मिट्टी से पाटना शुरू किया जा रहा है और धीरे धीरे तालाब का नक्शा ही बदल जा रहा है। ऐसे में शहर में तालाबों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। यदि समय रहते तालाबों के संरक्षण को लेकर पहल नहीं की गई तो आने वाले समय में इसका खामियाजा भी शहर की जनता को ही भुगतना पड़ेगा।

बता दें कि सरगुजा सहित शहर में भू माफियाओं की सक्रियता सबसे अधिक है और अब इन भू माफियाओं की टेढ़ी नजर शहर के तालाबों पर पड़ गई है। वर्तमान में स्थिति ऐसी ही गई है कि शहर के कुछ प्रमुख तालाबों को छोड़ दिया जाए तो जायदातर तालाबों की सीमा, रकबा के साथ छेड़खानी कर दी गई है। शहर में मौजूद बड़े तालाबों का रकबा घटकर आधा भी नहीं रह गया है। शहर के रिंग बांध, भाथूपारा तालाब, तेईस एकड़ तालाब, धोबी नाला, बांकी नदी शंकर घाट, सत्तीपार तालाब सहित कई ऐसे बड़े जल स्त्रोत है जिनके अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। इन तालाबों पर भू माफियाओं की लम्बे समय से नजर पड़ी हुई है और वे धीरे धीरे योजनाबद्ध तरीके से तालाबों को पाटने के लिए काम कर रहे है। यही वजह है कि कई तालाबों का रकबा घट गया और किसी को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। बड़ी बात यह है कि जगह जगह मौजूद ये तालाब शहर के जल स्तर को बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाते है लेकिन जिस तरह से तालाबों को पाटा जा रहा है और इनपर कालोनियों का निर्माण किया जा रहा है उससे आने वाले समय में शहर में भू-जल स्तर का गिरना तय है और इसका खामियाजा भी शहर की जनता को ही भुगतना पड़ेगा।



गोधनपुर स्थित 23 एकड़ के पास तालाब पर रोजाना हो रहा अतिक्रमण।

### रात के अंधेरे में पाटते है मिट्टी

तालाबों को पाटकर कब्जा करने का खेल गर्मी के दिनों में ही शुरू होता है। गर्मी में तालाब का जल स्तर कम होते ही माफियाओं द्वारा हाइवा, ट्रैक्टर के माध्यम से मिट्टी पाटने का काम शुरू कर दिया जाता है। तालाबों को पाटने का काम रात के समय में किया जाता है। भू-माफिया रात के अंधेरे में तालाबों को पाटना शुरू करते है और सुबह होने से पहले उनका काम पूरा हो जाता है। माफियाओं द्वारा तालाबों को धीरे धीरे पाटकर उसकी सीमाओं और नक्शे को पूरी तरह से बदल दिया जाता है और उस भूमि को अपना बताकर निर्माण कार्य कराया जाता है। हाल ही में शहर में तालाबों पर कब्जे के ऐसे मामले सामने भी आए और इनमें भू माफियाओं की संलिप्तता भी खुलकर सामने आई।



कब्जे का शिकार बौरिबांध

### बेशरम, जलकुंभी डालकर नष्ट कर रहे तालाब

भूमाफिया तालाबों पर कब्जा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करते है। जिस भी तालाब पर माफियाओं की नजर पड़ती है उसमें धीरे से बेशरम का डंडा, जलकुंभी और शैवाल डाल दिया जाता है। बेशरम, जलकुम्भी तेजी से फैलते है और देखते ही देखते तालाब को घेर लेते है। तालाब पर बेशरम की झाड़ियों का बड़ा मजबूत स्ट्रक्चर खड़ा हो जाता है और इसके बाद माफिया इसपर मिट्टी-मुरुम डालकर तालाब को पाट देते है।

### राजस्व रिकॉर्ड में भी हो रही हेरा फेरी

तालाबों को पाटने से पहले भू माफियाओं द्वारा इसके राजस्व रिकॉर्ड में हेराफेरी की जाती है। इसके लिए माफियाओं द्वारा राजस्व विभाग के ही लोगों के साथ मिली भगत कर तालाब के नक्शे को ही बदल दिया जाता है। शहर में 20-25 एकड़ का तालाब शहर में 2-3 एकड़ में सिमट कर रह जा रहा है। शहर के हर तालाबों का पुराना रिकॉर्डनिकाला जाए तो पहली नजर में ही तालाबों के नक्शे में की गई हेरफेर नजर आने लगेगी। कई छोटे तालाब व नाले तो आज के समय में रिकॉर्ड से गायब भी हो चुके है।

### शहर के कई नाले गायब

शहर में आज ऐसे कई बड़े नाले है जो नजर नहीं आते है। धोबी नाला जहाँ पानी कल कल कर बहता था। शहर के धोबी एक समय में सारा कपड़ा धोबी नाला में धोया करते थे। भीषण गर्मी व नवतपा में भी गोधनपुर, सरगवां की ओर जाने वालो को ठंडी सिहरावन महसूस होती थी लेकिन आज यह नाला भी अपने अस्तित्व के लिए जूझ रहा है। इसके साथ ही हॉलीक्रॉस के बगल में एक बड़ा नाला नदी की शक्ल में बहता था। एक समय में यहां राज्य परिवहन बीएस कर्मचारियों के रुकने, ठहरने का सरकारी ठिकाना बना था जिसकी इमारतें आज भी मौजूद है। सारे चालक व परिचालक यही रूककर नहाना धोना करते थे लेकिन आज वहां नाला तो छोड़िए नाली भी बहती नजर नहीं आती है। इसी प्रकार टीसीपीसी के बगल में बड़ा नाला बहा करता था जिसका पुल तो अभी भी मौजूद है लेकिन नाला गायब हो चुका है। शहर में ऐसे दर्जनों मामले है जहां तालाबों व नालों को भू माफियाओं द्वारा पाट दिया गया है।

### कराएंगे तालाबों का सीमांकन



सभी तालाबों का सीमांकन कर सुरक्षित करने की पहल की जाएगी। इस संबंध में निर्देश जारी किया जाएगा। एक महीने में सर्वे कर रिपोर्ट मंगवाई जाएगी।
**-अजीत वसंत**, कलेक्टर सरगुजा

## भूमि आबंटन संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु हुई बैठक



**रामानुजगंज**। विश्राम गृह वाड्रफनगर में उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, विजयनगर, रामानुजगंज में अनुमानित लागत 14 करोड़ एवं पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट एंड प्रोसेसिंग टेक्नोलोजी महाविपचावल पचावल, सनावल में अनुमानित लागत 25 करोड़ की स्थापना हेतु भूमि आबंटन संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय के अधिष्ठाता, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं सहायक पशु शल्यज्ञ उपस्थित रहे। बैठक में महाविद्यालय की स्थापना के लिए उपयुक्त भूमि के चयन, उपलब्ध संसाधनों, तथा आवश्यक बुनियादी ढांचे के विकास पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। भूमि चिन्हाकन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया ताकि क्षेत्र में उद्यानिकी शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा मिल सके। वही किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त होने के साथ क्षेत्र में कृषि आधारित रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो।

## मृत मवेशियों की हड्डियां लेकर जा रहे दो युवकों की लोगों ने की पिटाई, कार के शीशे फोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पुलिस ने भीड़ से किया बीच बचाव, दोनों युवकों का बयान दर्ज कर छोड़ा गया

बुधवार की देर रात मृत मवेशियों की हड्डियां कार में भरकर ले जा रहे दो युवकों को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया एवं बस स्टैंड लाकर उन की जमकर पिटाई कर दी,घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही,सूचना मिलने पर बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को भीड़ से बचाकर थाना ले गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम तेंदुआ निवासी लकेश्वर घसिया (31 वर्ष) एवं बैकुंठपुर के सरई गहना निवासी गिरधारी कोड़ाकू (28 वर्ष) बुधवार की रात मारुति 800 कार से बिश्रामपुर जीएम ऑफिस के पीछे स्थित नर्सरी क्षेत्र पहुंचे थे,बताया गया कि यहां मृत मवेशियों को दफनाया जाता है,दोनों युवक मौके पर पड़े मवेशियों की हड्डियां एकत्र कर कार में लोड कर रहे थे,इसी दौरान वहां से गुजर रहे कुछ स्थानीय युवकों ने उन्हें देख लिया। देखते ही देखते यह जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से क्षेत्र में फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए,आक्रोशित युवकों ने दोनों को पकड़कर कार सहित बस स्टैंड ले आए, जहां भीड़ ने उनकी जमकर पिटाई कर दी एवं कार में भी तोड़फोड़ की,हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक कुछ लोगों ने कार के शीशे भी तोड़ दिए थे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोनों युवकों और हड्डियों से भरी कार को थाने ले जाकर पूछताछ की।

बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने बताया कि दोनों युवक मृत मवेशियों की हड्डियां ले जा रहे थे और वे लंबे समय से यह काम कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच में यह कार्य किसी अपराध की श्रेणी में नहीं पाया गया। आवश्यक पूछताछ एवं बयान दर्ज करने के बाद दोनों युवकों को छोड़ दिया गया। मारपीट करने वाले युवकों के विरुद्ध भी अब तक कोई अपराध दर्ज नहीं किया गया है।



पीड़ित युवक।



मवेशियों की हड्डी।

## जंगल से निकलकर बस्ती में घुसा दंतैल



- मैनपाट के बरडांड में हाथी के आने से मचा हडकंप

**अंबिकापुर**। जिले के पर्यटन स्थल मैनपाट में इन दिनों हाथियों का आतंक चरम पर है। लम्बे समय से मैनपाट क्षेत्र में डटे हाथी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है लेकिन गुरुवार की दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक दंतैल दोपहर के समय जंगल से निकलकर सीधे बस्ती में घुस आया। दंतैल के घनी बस्ती में आने के बाद दहशत का माहौल निर्मित हो गया। वहीं हाथी को देखने के लिए लोगों की भीड़ भी एकत्रित हो गई जो शोर मचाने के साथ ही दंतैल के साथ छेड़खानी करती रही। फिलहाल दंतैल हाथी बरडांड में डेरा जमाएं हुए है।

बता दें कि मैनपाट विकासखंड में कुल 14 हाथी मौजूद है। इनमें से 12 हाथियों का समूह एक साथ है जबकि दो दंतैल हाथी अलग अलग घुमते रहते है। रात के समय दल के भी हाथी निकलकर अलग अलग बस्तियों में घुसते है और घरों में तोड़ फोड़ करने के साथ ही किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाते है लेकिन गुरुवार की दोपहर दो से ढाई बजे के बीच जंगल से निकलकर एक दंतैल हाथी बरडांड बस्ती में घुस आया। हाथी रिहायशी क्षेत्र में आराम से घूम रहा था। जब लोगों की नजर मैदान में घूम रहे दंतैल पर पड़ी तो हड़कंप मच गया। हाथी को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पडा और लोग शोर शराबा करने के साथ ही हाथी को भगाने का प्रयास करते नजर आए। इस दौरान दंतैल बस्ती में मौजूद नाले में रुककर पानी भी पीने लगा जबकि लोग खड़े होकर शोर मचा रहे थे। बड़ी बात यह है कि हाथी के बस्ती में आने की जानकारी वन विभाग को नहीं थी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची टीम ने स्थिति को नियंत्रण में करने के साथ ही लोगों को हाथी से दूर रहने की समझाईस दी। दिनभर हाथी बस्ती में घूमने के बाद मक्के के खेत में घुस गया था जबकि शाम को एक और हाथी बरडांड स्थित मक्के के खेत में पहुंच गया। दिनदहाड़े हाथी के बस्ती में आने की घटना से लोग दहशत में रहे।

### 6 हाथियों का दल पहुंचा कल्याणपुर जंगल



- शाम ढलने के बाद ग्रामीण नहीं निकल रहे बाहर

6 हाथियों के कल्याणपुर जंगल में दस्तक देने से क्षेत्र के ग्रामीण भारी दहशत में है। हाथियों के भय से ग्रामीण शाम ढलते ही अपने घरों में कैद हो जा रहे हैं।

एक पखवाड़े तक राहत देने के बाद हाथियों का दल बुधवार की शाम वापस कल्याणपुर जंगल में पहुंच गया है। जंगल में एक पखवाड़े पूर्व दो दिन के भीतर तीन लोगों को मौत के घाट उतारने वाला दंतैल भी अपने साथी के साथ मौजूद है जिससे ग्रामीण काफी भयभीत है। ग्रामीणों के अनुसार बुधवार की रात जंगल में 4 हाथियों के पहुंचने की सूचना मिली थी। पंचायत प्रतिनिधियों ने तत्काल आसपास के लोगों को सूचना देकर सावधानी बरतने की सलाह दी। सुबह ग्रामीणों ने चार हाथियों के अतिरिक्त दो अन्य हाथियों को देखा तो तत्काल वन अमले को सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि 3 हाथी घाघी टिकरा जंगल व दो हाथी कोलबहरा एवं एक हाथी करेरपारा जंगल में भ्रमण कर रहा है। जंगल के अलग-अलग हिस्सों में हाथियों के भ्रमण करने के कारण ग्रामीण काफी भयभीत हैं तथा शाम ढलने के बाद घर के बाहर नहीं निकल रहे हैं। जंगल के चारों तरफ बस्ती है तथा सबसे निकट कल्याणपुर की बस्ती है। खतरे को देखते हुए वन अमला भी सक्रिय हो गया है तथा ग्रामीणों को लगातार जागरूक कर रहा है।

### मृतक की पत्नी को 50 हजार की सहायता

एक पखवाड़े पूर्व दंतैल ने कल्याणपुर निवासी युवक केशव भोय की कुचलकर जान ले ली थी। मृतक के 2 बच्चों के लालन-पालन की समस्या को देखते हुए उप सरपंच चंद्रमणि प्रधान, महेश्वर शाह एवं शैलेन्द्र ऋषि ने कलता समाज के लोगों से 50 हजार रूपए एकत्र किया एवं मृतक की तेरहवीं पर पत्नी कांति भोय को 50 हजार की सहायता प्रदान की।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## बच्चियों की मेडिकल रिपोर्ट बदलने वाली डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नाबालिग आदिवासी बच्चियों के साथ सामूहिक दुराचार मामले में गलत रिपोर्ट देने वाले डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने सीएमएचओ कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस ने कोठी घर से रैली निकाली और सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की।

गुरुवार को कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कोठीघर से सीएमएचओ कार्यालय के घेराव के लिये रवाना हुए। इस दौरान जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि सुशासन का कथित सिस्टम दुःशासन बन गया है और बलात्कारियों को संरक्षण दे रहा है। 24 अप्रैल की घटना के इतने दिन बीत जाने के बावजूद दोषी पुलिस अधिकारियों और गलत रिपोर्ट देने वाले चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई न होना आश्चर्य की बात है। पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि जिस प्रकार के थाना सीतापुर और उसके बाद मेडिकल करने वाले चिकित्सक ने मामले को दबाने का प्रयास किया उससे आमजन में रोष है। छोटे-छोटे बच्चियों के साथ सामूहिक अनाचार की इस घटना को दबाने का प्रयास करने वाले लोगों पर कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि आमजन को यह महसूस हो कि प्रशासन उनके लिये काम करता है न कि अपराधियों को संरक्षण देता है। उन्होंने कहा कि दोषी प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होने पर कांग्रेस और भी बड़ा आन्दोलन खड़ा करेगी। सीएमएचओ के इस लिखित आश्वासन के बाद कि अगामी 3 दिनो में संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। कांग्रेस ने इस चेतावनी के साथ घेराव और प्रदर्शन वापस लिया है कि कार्रवाई नहीं होने पर फिर से आन्दोलन होगा। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जिला एवं ब्लॉक कार्यकारणी के पदाधिकारी एवं सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष, मोर्चा संगठन के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ और वार्ड कमेटी के पदाधिकारी एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



### महिला पुलिस अधिकारी से जांच की मांग

कांग्रेस जिलाध्यक्ष के साथ ही आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने भी पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग की थी, किंतु इस मामले में आज तक दोषी पुलिस अधिकारियों और डॉक्टर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले की जांच सीतापुर थाने के उसी पुलिस अधिकारी के द्वारा अब भी जारी है जिसने प्रारंभ में इस मामले को दबाने का प्रयास किया था। 5 मई को अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक को सौपे गये ज्ञापन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया था कि सीतापुर थाने के पुलिस अधिकारी का यह आचरण पॉस्को एक्ट की धारा 21 की उप धारा 1 के अन्तर्गत आपराधिक है। इस मामले में कांग्रेस ने थाना सीतापुर के बजाय अन्य सक्षम महिला पुलिस अधिकारी से मामले की जांच की मांग भी की थी लेकिन दोषी पुलिस अधिकारी और चिकित्सक के विरुद्ध कोई कार्यवाही होता न देख कांग्रेस ने घेराव का निर्णय लिया।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ.भुवन शर्मा
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ.निहार गुप्ता
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड़, अम्बिकापुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)
1.5 TESLA MRI
सुप्रसिद्ध ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन,एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
डॉ.महावीर सिंह जौहरी
10 मई 2026, माह के दूसरे रविवार
8224007799, 7000619700
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती की सुविधा उपलब्ध

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-[+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411